हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 23 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

जेवरा में वृंदावन की प्रेम मंदिर की तर्ज पर 50 फीट ऊंचे पंडाल में विराजित हुईं मां दुर्गा
4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## आरडीएसएस योजना में दो साल के भीतर हुआ महज 60 फीसदी काम

# मंथर गति से चल रहा ट्रांसफार्मर लगाने के साथ केबल बिछाने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली की निर्बाध आपूर्ति और उपभोक्ताओं की परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से आरडीएसएस योजना के तहत जिले में काम चल रहा है। योजना का कार्य काफी मंथर गति से हो रहा है। यही वजह है कि दो साल में महज 60 फीसदी कार्य ही हो सका है। योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में केबल विस्तार के साथ ही नए ट्रांसफार्मर भी लगाए जाने है। कार्य की धीमी गति के चलते उपभोक्ताओ को परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसरो को कोई सरोकार नजर नही आ रहा है।

गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर चाम्पा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को मजबूत बनाने के उदेश्य से आरडी एस एस योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत 110 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। इस राशि से बडे पैमाने पर केबल वायर लगाने के साथ साथ ट्रांसफार्मर भी लगाया जाना है, ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो के लोगो को बेहतर बिजली व्यवस्था मिल सके। इधर इस कार्य के धीमी रफ्तार के चलते उपभोक्ताओं की परेशानी और भी बढ गई है। केबल विस्तार और ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान अलग अलग क्षेत्रों में बिजली गुल की जा रही है। विद्युत आपूर्ति बंद कर योजना के तहत केबल और ट्रांसफार्मर इंस्टाल करने का कार्य किया जाता है। योजना के तहत कार्य 2 साल से चल रहा है। अभी तक महज 60 प्रतिशत काम ही हो सका है। जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले की आबादी करीब 20 लाख को पार कर गई है। वही दोनो जिलो को मिलाकर 3 लाख 60 हजार से भी अधिक विद्युत उपभोक्ता है।



### जांजगीर में 323 तो सक्ती में 380 ट्रांसफार्मर लगाने का लक्ष्य

योजना के तहत जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले को मिलाकर 703 नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना है। इसके लिए शासन द्वारा बिजली विभाग को 110 करोड रूपऐ की राशि स्वीकृत की गई है। जांजगीर चाम्पा जिले में जहां 55 लाख रूपए की राशि वही सक्ती जिले में 55 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। योजना के तहत जांजगीर जिले में 323 ट्रांसफार्मर लगाया जाना है। वहीं सक्ती जिले में 380 नया ट्रांसफार्मर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिसके कारण कार्य समय पर नही हो पा रहा है। ऐसे में लोगो को विद्युत संबंधी समस्या से लगातार जुझना पड जा रहा है। जिसके चलते लोगो की दिक्कते बढ गई है। इन दिनो बरसात का समय चल रहा है। जिसके कारण यदि थोडा सा ही मौसम परिवर्तन हो जाए तो बिजली गुल होना आम समस्या बन जाती है।

समय में बदलाव होने के साथ अब बिजली की मांग भी बढती ही जा रही है। आज के समय में बिजली के माध्यम से ही कार्य संपादित होते है। जिसमें वाशिंग मशीन, फ्रीज, एयरकंडीशनर, कुलर, पंखा सहित अन्य वस्तुओ का संचालन बिजली के माध्यम से ही किया जाता है लेकिन केबल वायर एवं नया ट्रांसफार्मर लगाने के धीमी रफ्तार ने परेशानी और भी बढा दी है। आज भी देखा जाए तो खासकर ग्रामीण क्षेत्रो में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। आरडीएसएस योजना के तहत क्षेत्रो में बिजली व्यवस्था सुधार को लेकर ध्यान दिया जाना है, लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है। जिले के पामगढ, बलौदा, नवागढ, अकलतरा एवं बम्हनीडीह क्षेत्रो में बिजली की बेहतर सुविधा का लाभ उपभोक्ताओ को नही मिल पा रहा है।

#### चल रहा कार्य

आरडीएसएस योजना के तहत केबल वायर बिछाने के साथ ट्रांसफार्मर लगाने का काम चल रहा है। कार्य में गति लाने कहा गया है। योजना के तहत 703 नया ट्रासफार्मर लगाया जाना है।

**-अमर चौधरी,**
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय, जांजगीर

## चांपा के कोटाडबरी की घटना

# जादू टोना की शंका पर चाचा की हत्या, आरोपी भतीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जादू टोना की शंका पर भतीजे ने अपने चाचा की हत्या कर दी। धारदार हसिया से गर्दन पर वार कर वारदात को अंजाम देकर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटाडबरी का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 63 वर्षीय राम प्रसाद पाल ग्राम कोटाडबरी में पीपल चौक के पास मकान में अकेले रहता था। वह पीपल चौक के पास स्थित शिव मंदिर में पूजा पाठ करता था। इसके घर के पास ही उसका भतीजा अजीत पाल अपने परिवार के साथ रहता है। अजीत पाल प्रकाश इंडस्टरीज कोटाडबरी में ढाबा चलाता है जो अक्सर रामप्रसाद पाल को टोना जादू करने को लेकर शंका करता था। इस बात को लेकर अक्सर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। रविवार 21 सितंबर की शाम करीबन 7 पीपल चौक के पास अजीत पाल और रामप्रसाद पाल के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर अजीत पाल ने अपने चाचा रामप्रसाद पाल पर धारदार हसिया से वार कर दिया। राम प्रसाद पाल के गले और कनपटी पर हसिया से गंभीर वार किया गया। रामप्रसाद पाल लहुलूहान होकर गिर पड़ा। घर के सदस्यों को जानकारी मिली तो मौके पर पहुंचे। तत्काल रामप्रसाद को बिसाहूदास महंत शासकीय चिकित्सालय चांपा पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चाम्पा पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इधर वारदात को अंजाम देकर आरोपी अजीत पाल मौके से फरार हो गया था। चांपा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में तत्काल एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया। आरोपी के घर में दबिश देने पर आरोपी घर से फरार मिला। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी हथनेवरा चौक की ओर भाग रहा है। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी करके आरोपी को पीआईएल प्लांट के पास पकड़ा गया। जिसे पूछताछ करने पर आरोपी अजीत पाल प्रारंभिक तौर पर पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन बारिकी से पूछताछ करने पर आरोपी ने राम प्रसाद पाल को जादू टोना करने की बात को लेकर धारदार हसिया से गला रेत कर हत्या करने का अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हसिया को जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### फर्जी तरीके से मोबाइल सिम जारी किया जारी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** फर्जी तरीके से मोबाईल सिम जारी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से फिंगर प्रिंट मशीन व एक मोबाइल को जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोनसरी निवासी अवधेश साहू निवासी ग्राम सोनसरी थाना मुलमुला द्वारा व्यक्तिगत दस्तावेजों का उपयोग कर छल पुर्वक अन्य व्यक्ति के नाम का मोबाईल सिम लाभ प्राप्त करने के लिए 27 मोबाईल सिम एक्टीवेक्ट किया जाना पाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 420 भादवि, 66 (सी) आईटी का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना बलौदा में कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के कब्जे से फर्जी सिम तैयार करने में उपयोग किया गया फ्रिंगर प्रिट मशीन एवं एक मोबाईल जब्त किया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस, जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार एवं आयुक्त आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 10 वां आयुर्वेद दिवस के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 23 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बैरिस्टर ठा. छेदीलाल जिला चिकित्सालय जांजगीर परिसर के अटल समरसता भवन जांजगीर में आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए विषय पर व्याख्यान एवं प्रदर्शनी तथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों द्वारा चिकित्सकीय परामर्श दी जायेगी।

### आज लगेगा जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार 23 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के दो नियोजक वेदांता स्कील स्कूल बाल्को कोरबा द्वारा सिलाई मशीन ऑपरेटर के 40 पद, फीटर 40 पद, वेल्डर 40 पद, होटल मैनेजमेंट के 40 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को देने से पहले स्वयं होगा चखना

**जांजगीर-चांपा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने नई व्यवस्था लागू की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नाश्ता और गरम भोजन बच्चों को परोसने से पहले स्वयं चखना अनिवार्य होगा तथा उसका पंजी संधारण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रसोई कक्ष और भंडार की स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य सामग्री को सीलबंद डिब्बों या अनाज कोठी में ही रखा जाए तथा फिनाइल, डिटर्जेंट जैसे रसायनों को रसोई क्षेत्र से दूर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। खाद्य सुरक्षा की निगरानी के लिए जिले के सभी सेक्टर पर्यवेक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शिवरीनारायण मेला में भीड़ को देखते हुए जारी की एडवाजरी

**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण मेला मैदान में उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा अनेक एडवाजरी की गई है। जिसके तहत वाहन पार्किंग, सड़क किनारे, दुकानों के आसपास या अव्यवस्थित स्थानों पर वाहन खड़ी ना करे, वाहन प्रवेश निषेध, मेले के सभी प्रवेश द्वार पर दोपहिया व चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा, हाथों में भारी या धारदार कड़ियां पहनकर न आएं। तकनीकी निगरानीमेले में कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी।चोरी, उत्पात या अशांति फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी, संपत्ति एवं आभूषण सुरक्षा भीड़भाड़ में कीमती सोने-चांदी के आभूषण पहनकर न आने सहित अन्य एडजाइरी जारी की गई है।

# 16 प्रकरणों में 56 लाख से अधिक का गांजा कराया गया नष्टीकरण



गांजा नष्टीकरण की कार्रवाई करने पहुंचे एसपी सहित अन्य अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

16 प्रकरणों में जब्त किए गए 280 किलो गांजा को पीआईएल के भट्ठे में नष्टीकरण कराने की कार्रवाई की गई है। जिसकी कुल कीमत 56 लाख 17 हजार रुपए बताई जा रही है।

सोमवार 22 सितंबर को जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति जांजगीर चाम्पा के द्वारा सोमवार 22 सितंबर को जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी अंतर्गत 280 किलो 880 ग्राम गांजा की जब्ती बनाई गई थी। जिसकी कीमत 56 लाख 17 हजार 6 सौ रुपए एवं 1560 नग टेबलेट को जब्त किया गया। जिसकी 10 हजार रुपए है। जिसे पुलिस अधीक्षक के समक्ष जलाकर नष्ट किया गया। नस्टीकरण की कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, श्रीमती नीलिमा डीग्रस्कर सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी, डॉ अजय भगत जुनियर वैज्ञानिक पर्यावरण संरक्षण अधिकारी बिलासपुर, प्रदीप जोशी रक्षित निरीक्षक, निरीक्षक सावन सारथी, निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रधान आरक्षक देवनारायण रत्नाकर, जगदीश्वर प्रसाद, श्याम सुंदर जांगडे जिला अपराध शाखा जांजगीर -चाम्पा, प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेज लिमिटेड चाम्पा के प्रबंधक सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

### 25 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मालखरौदा।** पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चारपारा निवासी ओम प्रकाश भारती पिता मोहरिल भारती उम्र 45 ग्राम द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करता है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम चारपारा में आरोपी ओमप्रकाश भारती के द्वारा अपने घर आँगन में अवैध कच्ची मऊहा शराब को रख कर बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ने उसके घर में दबिश दी, लेकिन आरोपी वहां से भाग निकला। आरोपी के घर से कुल 25 लीटर कच्ची मऊहा शराब कीमती 25 सौ रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया था। आरोपी फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु मुखबिर लगाया गया था, जो आरोपी अपने घर आया हुआ है। इसी दौरान 22 सितंबर को आरोपी के घर जाकर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनवर अली के मार्गदर्शन में नाजिर हुसैन, हरीश चंद्रा, बैठियार सिदार का योगदान रहा।

लीला देवी कॉलेज ऑफ
नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाऐं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### गौधाम संचालन हेतु आवेदन 30 तक

**कोरबा।** जिले में गौधाम संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थानों, एनजीओ, गौशालाओं से रुचि की अभिव्यक्ति 30 सितंबर दोपहर 3 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तु गौ वंशीय पशुओं तथा जब्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा। गौधाम संचालन हेतु योजना का स्वरुप, स्थापना हेतु भूमि, उद्देश्य, पशु क्षमता, क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुसरण, अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु संस्था का चयन, पात्रता, कार्यकाल, दायित्व मानव संसाधन की व्यवस्था, प्रबंधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति, गौसेवा आयोग में पंजीयन की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, कलेक्टोरेट परिसर कोसाबाड़ी, आईटीआई रामपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। आवेदन हेतु प्रपत्र 7 तथा गौधाम योजना के दिशा निर्देश जिले के वेबसाईट से भी प्राप्त किया जा सकता है।

### भारतीय अग्निवीर में थल सेना भर्ती रैली के लिए पंजीयन 25 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के उद्देश्य से छ0ग0 राज्य के सभी जिलो के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है। कोरबा जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 25 सितंबर तक पंजीयन करवा सकतें हैं, ताकि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ प्रदान किया जा सके। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष क्रमांक 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है।

### जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर कलेक्टर से शिकायत

**रजगामार।** एसईसीएल रजगामार कॉलरी के द्वारा रिस्दी चौक से रजगामार मेन रोड में गुणवत्ताहीन सड़क मरम्मत कराया गया है जो सालभर की बारिश से ही जर्जर हो गई। उक्त सड़क लोगों के आवागमन में सहायक न होकर लोगों के लिये एक समस्या बन गई है जहां पर आये दिन दुर्घटना घटित होते रहती है। उक्त निर्मित सड़क में बड़े-बड़े गडढे बन गये हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रामपुर विधानसभा के मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र डडसेना ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। परंतु सड़क मरम्मत के नाम पर एसईसीएल प्रबंधन केवल खानापूर्ति करती है। सड़क निर्माण में गुणवत्तायुक्त सामानों का उपयोग न कर केवल खानापूर्ति करने का काम किया जा रहा है। बरसात के दिनों में पानी का जमाव हो जाता है जिसके कारण आना जाना प्रभावित हो जाती है।

### बॉक्सिंग में जिले को 1 स्वर्ण 1 रजत और 4 कांस्य पदक

**बालको।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कि 16 से 18 सितम्बर तक रायपुर में आयोजित थी। जिसमें बालक वर्ग 14,17,19 वर्ष एवं बालिका 14,17,19 वर्ष की प्रतियोगिता आयोजित हुई । जिसमें जिले कुल 9 बॉक्सर्स का चयन राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ था । जिसमें कोच के रूप में पल्लवी तिर्की और मोहम्मद आरिफ टीम के साथ उपस्थित थे। बालिका वर्ग 17 वर्ष परिधि नेमि 42-44 किलो, बालक 14 वर्ष अंश गुप्ता 48- 50 किलो कांस्य पदक, प्रियांशु शर्मा 32-34 किलो कांस्य पदक, बालक- 17 वर्ष हर्ष यादव 48-50 किलो स्वर्ण पदक, आमीन खान 54-57 किलो रजत पदक, बालक 19 वर्ष निशांत वस्त्रकार 46- 49 किलो कांस्य पदक, अविनाश प्रमाणिक 49- 52 किलो कांस्य पदक, कृष्णा तोमर 60- 64 किलो, सुयश नामदेव 69-75 किलो ने इस प्रतियोगता में भाग लिया। जिसमें जिले को कुल मेडल 1 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

## पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के पंतोरा चौकी पुलिस के किया सुपुर्द

# 3 किलोमीटर खोजबीन कर जब मिली लाश तो पेड़ पर लटककर किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नहर में एक युवती की लाश बहता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची लाश बहुत आगे निकल चुकी थी लेकिन पुलिस लाश का

**खास बात**

- उरगा थाना के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने युवती के शव को निकाला बाहर

पीछा करते हुए पड़ोसी जिले जा पहुंची और जिला पुलिस की टीम ने युवती के शव को बाहर निकालने के लिए नहर किनारे लगे एक नीम के पेड़ पर चढ़कर इसका सहारा लिया और रस्सी से खींच कर उसे बाहर निकाला और इसके उपरांत वैधानिक कार्रवाई के लिए पड़ोसी जिले की पंतोरा चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।



पेड़ की डगाल में लटककर शव निकालते पुलिस कर्मी।

फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। यहां रविवार की दोपहर एक युवती का शव नहर में बहते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने देखा तो उन्होंने इसकी सूचना उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को दी। युवती का शव मिलने की सूचना पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे तब तक युवती का शव तेज प्रवाह होने की वजह से बहुत आगे बढ़ चुका था लेकिन पुलिस की टीम ने नहर के रास्ते ही शव का पीछा करना शुरू कर दिया और पीछा करते-करते लगभग 4 किलोमीटर आगे निकल गई और पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के पंतोरा चौकी के क्षेत्र में पहुंच गई। जहां पुलिस ने युवती के शव को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत भी करनी पड़ी पुलिस ने अपने सूझबूझ का परिचय भी दिया और बकायदा पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों ने नहर के किनारे लगे एक नीम पेड़ का सहारा लिया। जहां पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों ने नीम के पेड़ पर चढ़कर रस्सी से युवती के शव को पहले बांधा और किसी तरह उसे खींचकर बाहर निकाला गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी जान को हथेली में लेकर युवती के शव को बाहर निकाला और पड़ोसी जिले पंतोरा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया है और उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि युवती की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही के लिए युवती के शव को पंतोरा चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच पंतोरा चौकी पुलिस कर रही है।

**तेज प्रवाह बन रही थी बाधा**

हसदेव दर्री बराज बायीं और दायीं तट नहर के माध्यम से ही किसानों को खेती के लिए पानी दिया जाता है। मौजूदा स्थिति में अभी किसानों को खेती के लिए नहर में भरपूर पानी दिया जा रहा है। नहर में पानी की रफ्तार इतनी तेज होती है कि यदि एक बार कोई गिर गया तो उसे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। जब युवती का शव स्थानीय ग्रामीणों ने देखा था तब उस वक्त जब तक पुलिस पहुंचने पर लाश बहुत आगे निकल चुकी थी। तेज प्रवाह होने की वजह से पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को लाश को निकालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# 50 से 100 बिस्तरों की ओर बढ़ता सीएचसी की व्यवस्था ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसका बड़ा उदाहरण बन चुका है।

**खास बात**

- सरकारी दावों पर भारी अस्पताल की हकीकत, इलाज के लिए तरस मरीज



वर्तमान में यह अस्पताल 50 बिस्तरों का है। स्वास्थ्य मंत्री के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने इसे सौ बिस्तर का अस्पताल बनाने की घोषणा की थी और भविष्य में इसे सौ बिस्तरों तक विकसित करने का सपना दिखाया गया है। लेकिन हकीकत में यहां की मौजूदा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

रविवार अवकाश के दिन अस्पताल में डॉ. दिव्या यादव की ड्यूटी थी। मरीज अस्पताल तो पहुंच रहे थे, लेकिन आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें बिना उपचार वापस लौटा दिया। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय मीडिया व भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में मौजूद स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई और डॉ. यादव को स्पष्ट शब्दों में समझाया कि डॉक्टर का धर्म मरीजों की सेवा है, न कि अपनी शासकीय नौकरी का गलत फायदा उठाना। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनका इलाज करना प्राथमिक जिम्मेदारी है। वर्तमान में कटघोरा सीएचसी का प्रभार बीएमओ डॉ. रश्मि सिंह के पास है। इससे पूर्व यह जिम्मेदारी डॉ. रंजना तिर्की के पास थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीएमओ स्तर पर अस्पताल प्रबंधन में कसावट की भारी कमी देखी जा रही है। डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते। मरीजों को शासकीय स्तर पर मिलने वाली दवाएं और उपचार सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जाती।मजबूरन मरीजों को बाहर से महंगे दामों पर सामग्रियां खरीदनी पड़ती हैं, तभी डॉक्टर या नर्स इलाज करते हैं। पूर्व में भी कई शिकायतों के बाद जिला सीएचएमओ ने रात्रिकालीन निरीक्षण किया था, लेकिन उसके बाद भी व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हो पाया।रात्रि के समय अस्पताल में सुरक्षा गार्ड तक मौजूद नहीं होते, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। साथ ही अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं और संसाधनों की कमी लगातार उजागर हो रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को बेहतर और ईमानदार स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

### युवक ने घर पर लगाई फांसी

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर कुसमुंडा एमडी कॉलोनी के पीछे बने बस्ती में निवास करने वाला मिथलेश शाह उम्र लगभग 26 वर्ष पिता कन्हैया शाह ने शनिवार की देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मिथलेश कुसमुंडा खदान में एक निजी कंपनी में कार्यरत था।

# घर में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला रेत घाट निवासी जवा कुम्हार उम्र 35 वर्ष पिता बली राम कुम्हार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त की दोपहर 3:30 बजे से 18 सितंबर के 1 बजे के मध्य जवा कुम्हार पेंटिंग के काम से दो सप्ताह पहले अपने गृहग्राम डिकसी जिला जांजगीर चाम्पा गया हुआ था। जब वह वापस घर आया तो देखा कि घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था घर के अंदर से सिलाई मशीन, सीलिंग पंखा, होम थेयटर, ड्रील मशीन, कांस का लोटा, नगद 5 हजार रुपए सहित कुल 10 हजार रुपए कीमती सामानों की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है।

मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन कर रही थी। विवेचना के दौरान मुखबीर से पता चला कि चोरी के सामान को आरोपी अभिनेश उर्फ टिकलू चोरी के सामान को मनीष बसोड के घर छिपा कर रखे है और बेचने के फिराक में है। आरोपी अभिनेश को तलब कर थाना लाया और आरोपी का मेमोरेण्डम कथन लिया



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जो अपने कथन में अपनी साथी मनीष बसोड, राजेश सोनवानी उर्फ चांदी एवं पीयूष उर्फ किट्टू कुम्हार मोहल्ला सीतामणी के साथ मिलकर जवा कुम्हार मोहल्ला के घर छत के सीट खोलकर उक्त सामानों को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सभी चोरी गई सामानों को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### एफएलएन मेला व हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

**कोरबा।** विकासखंड मुख्यालय से 30 किमी दूर सुदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित प्राथमिक शाला सोनगुढा संकुल चुईया मे प्रधानपाठक श्रीमती बरखा जायसवाल के नेतृत्व में एफएलएन मेला व हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों के द्वारा शिक्षकों के मार्ग दर्शन में टीएलएम का निर्माण कर पूरी समझ के साथ प्रदर्शन किया गया। बच्चों के द्वारा बनाई गई मिट्टी व बांस से बनी सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन में संकुल समन्वयक भूपेंद्र कुमार भरद्वाज व विकास खंड प्रभारी श्रीमति ज्योति श्रीवास का योगदान रहा। विद्यालय के शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं ग्राम वासियों का सहयोग।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
क्र./1205/ तह./2025
चाम्पा दिनांक 18/09/25

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव प्रकाश पिता रतन प्रकाश ईसाई चाम्पा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चाम्पा कार्यपालिक दण्डाधिकारी चांपा (छ.ग) ने इस न्यायालय मे अपने दादी प्रेमलता के मृत्यु दिनांक 22/10/1969 स्थान चांपा में होने पर पंजीयन हेतु कार्यपालिका दण्डाधिकारी चांपा प्रतिवेदन सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/10/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/09/25 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
दिनांक 18/09/25
पेशी दिनाक 07/10/2025

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चांपा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
क्र./1206 तह./2025
चाम्पा दिनांक 18/09/25

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव प्रकाश पिता रतन प्रकाश ईसाई चाम्पा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग) ने इस न्यायालय मे अपने दादा ईशा प्रकाश के मृत्यु दिनांक 6/3/1971 स्थान पर चांपा में होने पर पंजीयन हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारी चांपा प्रतिवेदन सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/10/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/09/25 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चांपा**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 225/ब-121/2024-2025
ग्राम- सरखों तहसील-जांजगीर

आवेदक श्री शान्तनु खरे उम्र 28 वर्ष पिता स्व. श्री मिट्टू लाल खरे जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम सरखों तहसील जांजगीर पुलिस चौकी नैला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **एवं** आवेदिका संतोषी कुमारी लाठिया उम्र 18 वर्ष पिता स्व. श्री कुमार दास लाठिया जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम भैंसदा तहसील तहसील जांजगीर थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम सरखों तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शान्तनु खरे उम्र 28 वर्ष पिता स्व. श्री मिट्टू लाल खरे जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम सरखों तहसील जांजगीर पुलिस चौकी नैला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका संतोषी कुमारी लाठिया उम्र 18 वर्ष पिता स्व. श्री कुमार दास लाठिया जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम भैंसदा तहसील जांजगीर थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22/10/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 16/09/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रकरण क्रमांक 201902990100060/ अ-90 (ब)/2018-19, मौजा-अफरीद तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
शिवनाथ सिंह पिता सुमेर सिंह राठौर साकिन अफरीद तहसील चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)... अपीलार्थी **बनाम** राजेश्वर सिंह पिता बद्री सिंह राठौर साकिन अफरीद तहसील चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.).. उत्तरवादी
प्रति,
राजेश्वर सिंह पिता बद्री सिंह राठौर साकिन अफरीद तहसील चांपा,जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

इस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 201902990100060/अ-90 (ब) /2018-19, मौजा-अफरीद तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) पक्षकार शिवनाथ बनाम राजेश्वर सिंह जो कलेक्टर जांजगीर-चांपा के प्रकरण क्रमांक 1/अ-90 (ब)/2015-16 में पारित आदेश दिनांक 1/2/2019 के विरुद्ध प्रस्तुत है, में आप उत्तरवादीगण के रूप में पक्षकार है। उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 8/10/2025 नियत है। अत : उपरोक्त अपील प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 08/10/2025 को सुबह 11:00 बजे आप स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि किसी कारण से पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी। आज दिनांक 11/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सीलमुद्रा से जारी किया गया।
सील

**आयुक्त**
**बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

# चिकित्सकों की टीम ने बेबी एलीफेंट का किया पीएम, पानी में डूबने से हुई थी मौत



पानी में डूबा बेबी एलीफेंट का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 10 दिनों पूर्व जन्मे एक बेबी एलीफेंट की हसदेव नदी में डूबने से मौत हो गई। जहां तीन चिकित्सकों की टीम ने मृत बेबी एलीफेंट का पोस्टमार्टम किया। जहां सीसीएफ

**खास बात**

- सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

वाइल्ड लाइफ की उपस्थिति में मृत बेबी एलीफेंट का अंतिम संस्कार किया गया।

कटघोरा वनमंडल में लगातार 50 से अधिक हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है जिसमें सबसे अधिक केंदई रेंज में हाथियों का बसेरा रहता है। केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि वन विभाग की गश्ती के दौरान केंदई परिक्षेत्र अंतर्गत कोरबी सर्किल के हसदेव नदी क्षेत्र ओए 719 में बेबी एलीफेंट का शव मिला था। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शव लगभग 1-2 दिन पुराना था तथा हसदेव नदी के बहाव के साथ बहकर इस स्थान पर आया था। बेबी एलीफेंट की मौत की खबर मिलते ही सीसीएफ वाइल्ड लाइफ बिलासपुर अभिषेक सिंह रविवार को मौके पर पहुंचे थे जहां उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तीन चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जिसके उपरांत वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में बेबी एलीफेंट का अंतिम संस्कार किया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान बेबी एलीफेंट की मौत हसदेव नदी में डूबने से हुई है। खेत गए एक ग्रामीण का सामना दंतैल हाथी से हो गया। दंतैल ने उसे पटककर मौत के घाट उतार दिया है।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री फ्री 70% छूट
COBB ITALY flying colors of fashion
कॉब रेडिमेड
कपड़ा शो-रूम
2 कपड़ा खरीदने पर 4 कपड़ा फ्री
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सरल विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### लीलवाडीह में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**अकलतरा।** ग्राम कापन के लीलवाडीह में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जागरूकता शिविर का आयोजन सी एस पी डी एल के अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एक्सक्यूटिव इंजिनीयर आर के चौहान ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से केंद्र सरकार विद्युत ग्राहकों को उपभोक्ता से उत्पादक बनाकर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की कार्य योजना पर कार्य कर रही है जिसको प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ग्राहकों को 78000 तक एवं राज्य सरकार 30000 तक सब्सिडी दे रही है। इससे ग्राहकों को आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ रहा है और बिजली बिल से भी निजात मिलेगा। असिस्टेंट इंजीनियर बीएल जांगड़े ने बताया कि अकलतरा डीसी में बहुत से ग्राहकों ने सोलर पैनल लगवाकर कर इस योजना का लाभ उठा रहे हैं ।कार्यक्रम अधिकृत वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन के इंजिनियर ने ग्रामीणों को सोलर ऊर्जा के वर्क फंक्शन को विस्तार से ग्रामीणों को समझाया उक्त कार्यक्रम कोटगढ डीसी के जूनियर इंजीनियर डी के जाटवर , शारदा कंस्ट्रक्शन से अभिनव सिंह राजा ,ऐश्वर्य सिंह ,सरपंच लीलवाडीह दुर्गा प्रसाद, जीवन पटेल ,अश्वनी तेंदुलकर ,जितेंद्र कश्यप ,मनोज कुमार ,परदेशी कश्यप ,मोहन ,हरीश ,सहित ग्रामीण और बिजली विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल पोड़ीशंकर में सुरेंद्र साहू समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जनपद पंचायत बम्हनीडीह की विशेष उपस्थिति में स्वच्छता शपथ ग्रहण, शाला परिसर का स्वच्छता अभियान तथा हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर स्वच्छता शपथ ली कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग करेंगे। इसके उपरांत विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। बच्चों ने नारे लगाकर ग्रामीणों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।प्राचार्य बसंत चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज विद्यालय में हाथधुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र साहू समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं शाला के व्याख्याता श्वेता शुक्ला ने विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित हाथ धोने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है और यह स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक आदत है। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हाथधुलाई गतिविधि में भाग लिया और स्वच्छता के संकल्प को दोहराया।व्याख्याता के बी गढ़ेवाल, श्रीमती अंजना साव, तुलसी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल विद्यालय तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे घर और समाज में भी अपनाना चाहिए।कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कोलम रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कोलम रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रशिक्षार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और तरह-तरह के कोलम रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए। ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर में कोलम रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन संस्था के संचालक डॉ सुरेश यादव के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक अमित कुमार उपाध्याय, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती चंचला मिश्रा, श्रीमती नेहा शर्मा एवं कु अनुसुईया बंजारे के निर्देशन में किया गया। कोलम एक पारंपरिक लोक कला है जो दक्षिण भारत विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में प्रचलित है। यह एक प्रकार की रंगोली है जिसे शुभ अवसरों और दैनिक पूजा के दौरान घरों और मंदिरों के फर्श पर बनाया जाता है। यह सूखे चावल के आटे जो फर्श पर सुंदर पैटर्न बनाता है, चाक पाउडर या रंगीन पाउडर से बनाया जाता है। इसे बनाने की परंपरा 5,000 साल पुरानी मानी जाती है और यह रचनात्मकता, धैर्य और भक्ति को दर्शाती है। सभी प्रशिक्षार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए और तरह-तरह के कोलम रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए।

### सामग्री की गुणवत्ता पर उठ रहा सवाल, करंट प्रवाहित होने का बढ़ा खतरा

# लोकार्पण के पहले ही जंग लगने लगा स्ट्रीट लाइट के खंभों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नवगठित नगर पंचायत पामगढ़ में राज्य शासन द्वारा विकास के नये-नये कार्य मूलभूत सुविधाओं के लिए किए जा रहे है किन्तु अधिकारी ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर उसमें पलीता लगाने से बाज नही आ रहे हैं, जिसके कारण किये गए कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगना शुरू हो गया है।

नगर पंचायत द्वारा नगर में रोशनी व्यवस्था हेतु 5 मार्गो पर लगभग 1 करोड़ रुपये की राशि स्ट्रीट लाइट पर टेंडर के माध्यम से जारी की गईं थी। जिसको स्थानीय ठेकेदारों ने ठेका लेकर काम किया और उनके द्वारा काम भी पूर्ण कर लिया गया है। टेस्टिंग के नाम पर रात्रि में लाईट को भी चालू किया जा रहा है जिससे नगरवासियों को लाईट का लाभ भी मिल रहा है, किंतु महीनों बीत जाने के बाद भी उसका विधिवत लोकार्पण नही किया गया है और इसमें गौर करने वाली बात यह है कि लोकार्पण के पूर्व ही सभी खम्भों में जंग लगना शुरू हो गया है, जिससे खम्भों की गुणवत्ता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है जंग लगने से करंट प्रवाहित होने की संभावना बढ़ गईं है। वार्ड नम्बर एक के मुख्यमार्ग एवं स्व बहोरिक चौक से लेकर ग्राम चेउडीह के सिवाना तक मुख्य मार्ग में बिना कैपिंग कवर के ही खाली तार को ही जमीन में दबा कर करंट प्रवाहित किया गया है जिससे बरसात के दिनों में मिट्टी गीली होने से करंट प्रवाहित होने की संभावना बनी हुई है। कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट का खम्भा अव्यवस्थित ढंग से पेड़ो की पत्तियों में गुम सा हो गया है जिससे भी रिटर्निंग करंट प्रवाहित होने का खतरा है जिससे भी जान माल की क्षति हो सकती है। नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी आंख मूंदे बैठे हुए है। नागरिकों ने लोकार्पण के पूर्व सभी को व्यवस्थित करने की मांग की है ।



पेड़ की पत्तियों से ढका विद्युत खंभा, बिना कैपिंग कवर के ही खाली तार को मिट्टी दबाया गया।

**सुधार के बाद होगा लोकार्पण**

ठेकेदारों को त्रुटि सुधार हेतु कहा गया है। उसके बाद लोकार्पण किया जाएगा।

-बृजमोहन सिंह परस्ते,
प्रभारी सीएमओ
नगर पंचायत पामगढ़



## यातायात व्यवस्था में बाधक बनने वाली दुकानों को किया जाएगा व्यवस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ पर्वों के दौरान नगर में यातायात को सुव्यवस्थित रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

आगामी समय में नवरात्रि दशहरा एवं दिवाली सहित अन्य पर्वों के दौरान नगर के यातायात को सुव्यवस्थित रखने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन नायब तहसीलदार राजीव सिंह कंवर, एसडीओपी प्रदीप सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी, हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार राजीव सिंह कंवर के द्वारा नगर के मुख्य सड़कों में सब्जी फल सहित अन्य दुकानदारों को ऐसे स्थान पर अपनी दुकान लगाने की बात कही गई जिससे कि नगर का यातायात प्रभावित न हो एवं नगर वासियों को आवागमन करने में कोई परेशानी ना हो। नगर की यातायात व्यवस्था में बाधक बनने वाले दुकानों को नगर पालिका पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा व्यवस्थित किया जाएगा जिससे पर्व के दौरान नगर वासी सुगमता से आवागमन कर सकें। मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि ओवर ब्रिज के नीचे पर्याप्त स्थान है। ठेले में फल सहित अन्य दुकान लगाने वालों को ओवर ब्रिज के नीचे स्थाई रूप से व्यवस्थित किया जाना चाहिए साथ ही नगर पालिका एवं पुलिस की टीम को ओवरब्रिज में पार्किंग किए जाने पर जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई करना चाहिए एवं ओवर ब्रिज के नीचे बलौदा रोड में अवैध कब्जा को हटाया जाना चाहिए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी ना हो। बैठक के दौरान नगर के यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए रोहित सारथी महेश्वर टंडन, विजय खांडेल, अविनाश सिंह, रोहित सारथी के द्वारा भी सुझाव दिया गया। बैठक में हितेश पालीवाल सूरज भारती रितेश सिंह चंदेल राजू खान आशीष नवरंग भीम बंजारे, फल व सब्जी दुकानदार एवं नगर वासी उपस्थित थे।

## प्रोजेक्टर के माध्यम से कैरियर मार्गदर्शन की दी गई जानकारी



**मालखरौदा।** जिला पंचायत सक्ती के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्रीमती कुमुदिनी वाघ द्विवेदी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य तथा कैरियर निर्माण हेतु जिले के विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूलों में विद्यार्थी कैरियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन 20 सितम्बर से 23 सितम्बर तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसकेला विकासखंड मालखरौदा में 20 सितंबर को कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य मार्गदर्शक श्री अगम एवं कु.सारा के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके पश्चात इससे संबंधित परीक्षा आयोजित की गई जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की इस अनूठी पहल की उपस्थित सभी ने सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य ने धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शन किया।


## अग्रसेन जयंती के अवसर पर दृष्टि बाधित विद्यालय जाकर दिया 90 हजार रुपए का चेक

**सक्ती।** अग्रसेन जयंती के पावन पर्व पर अग्रसेन के द्वारा बताया गया मार्ग का अनुसरण करते हुए सोमवार 22 सितंबर को शिव बुक सेंटर परिवार के द्वारा कुमारी कासनी एवं चिरंजीवी कृदय अग्रवाल के हाथों 90 हजार रुपए का चेक दृष्टि बाधित विद्यालय में जाकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे एवं उन्होंने दृष्टिहीन बालकों की शुभ मंगलमय जीवन की कामना की।



### हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत पावरग्रिड उपकेन्द्र में निबंध प्रतियोगिता व कविता पाठ का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम तागा स्थित पॉवरग्रिड चांपा उपकेंद्र में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत 17 सितम्बर को कर्मचारियों एवं अधिकारियों के परिवारजनों के लिए निबंध प्रतियोगिता और बच्चों के लिए कविता-पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमहाप्रबंधक सत्येंद्र जांगड़े और मुख्य प्रबंधक सुनील कुमार ने किया। विशेष अतिथि के रूप में कवि एवं साहित्यकार अनुभव तिवारी, व्याख्याता हिंदी दीपक कुमार यादव और जिला संगठन आयुक्त गाइड कु. श्वेता जायसवाल उपस्थित रहे। संचालन की जिम्मेदारी हिन्दी नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार ने निभाई। उद्घाटन संबोधन में श्री जांगड़े ने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति और एकता का आधार है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के साथ-साथ साहित्यिक चेतना भी जगाते हैं। विशेष अतिथि अनुभव तिवारी ने अपने कविता-पाठ से सभी को प्रेरित किया। बच्चों की कविताओं ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। व्याख्याता दीपक कुमार यादव ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यही पीढ़ी आगे हिन्दी की धारा को प्रवाहित करेगी। कु. श्वेता जायसवाल ने कहा कि परिवार की जिम्मेदारियों के बावजूद महिलाएं अपनी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास करें और ऐसे मंचों का लाभ उठाएं। हिन्दी नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार ने पखवाड़े में होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और क्विज़ की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में तीनों निर्णायकों का सम्मान किया गया। अंत में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक स्वर से हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सहयोग देने का संकल्प लिया।





## ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री से की अहाता निर्माण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उन्नत करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

■ हसौद में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का हुआ भव्य स्वागत, की महत्वपूर्ण घोषणाएं

हसौद में शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत देवरघटा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे स्वास्थ्य मंत्री का हसौद आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया।

सिन्हा निवास के पास कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मंत्री को फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया और पटाखे फोड़कर हर्षोल्लास प्रकट किया। स्वागत के बाद स्वास्थ्य मंत्री पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा के निवास पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत कर सोल्पाहार कराया गया। इस दौरान हसौद सरपंच प्रतिनिधि कैलाश बंजारे व स्थानीय ग्रामीणों ने हसौद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अहाता निर्माण और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत करने की मांग रखी। स्वास्थ्य मंत्री ने अहाता निर्माण के लिए तत्काल स्वीकृति देने की घोषणा की तथा स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत करने के लिए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसी क्रम में गायत्री परिवार के परिजनों ने सिन्हा निवास में पहुंचकर स्वास्थ्य मंत्री से भेंट की और दिसंबर माह में हसौद में आयोजित होने वाले 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने के लिए उन्हें सादर आमंत्रित किया। गायत्री परिजनों में डॉक्टर कैलाश साहू, गिरधर साहू, जितेंद्र साहू, अशोक आदित्य, कृष्णा जायसवाल, गणेश जायसवाल, भगाराम जायसवाल, लहारु आदित्य ,ललीत साहू, मनहरण साहू ,श्रीमती विमला साहू, हीरा मती साहू, बुधीयारिन साहू, लखन साहू, प्रभु साहू एवं गायत्री परिवार के परिजन पहुंचे थे।

## पर्यावरण के प्रति रहना है जागरूक : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ सरस्वती शिशु मंदिर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से जागरुकता का संदेश देते बच्चे।

सेवा पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत 19 सितम्बर को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाम्पा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर, कार्यक्रम के अध्यक्ष अश्वनी कश्यप प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर चांपा, विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय कुमार भगत कनिष्ठ वैज्ञानिक पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष थवाईत सहायक महाप्रबंधक पर्यावरण स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने सेवा पर्व कार्यक्रम के संबंध जानकारी देते हुए कहा कि आज हमें प्लास्टिक के थैले का उपयोग नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके जगह पेपर या कपडा के थैले का उपयोग करना चाहिए। प्लास्टिक के थैले का उपयोग कर हम रोड में फेक देते है जिसे जानवर खाकर अनेक प्रकार के बिमारी से ग्रसित हो रहे है साथ ही वह हमारे वातावरण को भी प्रभावित कर रहा है। इसलिए हमें प्लास्टिक के थैले के जगह पेपर या कपडा के थैले का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हमारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना, अपने आसपास के क्षेत्रों, उद्यानों में साफ-सफाई रखना एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड लगाना चाहिए एवं उसकी देखभाल करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि अजय कुमार भगत ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता को अधिक से अधिक प्रसारित करना है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अश्वनी कश्यप ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारे स्कूल में बच्चों के लिए जो आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया वह सराहनीय है। क्योंकि बच्चों के बौध्दिक विकास के लिए यह जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि वायु प्रदूषण पर रोक लगाना नितांत ही जरूरी है। क्योंकि वायु के माध्यम से ही हमारा जीवन यापन सुचारू रूप से हो रहा है वायु के माध्यम से ही हमें ऑक्सिजन प्राप्त होती है। वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए अधिक से अधिक पौधा लगायें। इसी कडी में बच्चों के लिए पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत सभी बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी स्पर्धाओं में चयनित प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन ललित सिंह सेंगर आचार्य एवं अंत में आभार व्यक्त रामेश्वर पटेल कनिष्ठ अधिकारी पी.आई.एल. के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्लांट से आशिष सिंह, रोहित साहु, सरस्वती शिशु मंदिर चाम्पा से पुरूषोंत्तम देवांगन, मोहन लाल यादव, जितेन्द्र देवांगन, श्रीमती मिनी देवांगन एवं समस्त स्टाप के साथ-साथ स्कूल के बच्चों का योगदान सराहनीय रहा।

### करही पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने ली ग्रामीणों की बैठक

# अवैध शराब बिक्री के मामले में होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करही में पुलिस कप्तान ने शांति समिति की बैठक ली। इस बीच असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब की बिक्री को लेकर चेतावनी दी। बैठक में 2 सौ से अधिक ग्रामीण शामिल हुए।

ज्ञात हो कि हाल ही कुछ दिनों पूर्व बिर्रा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करही में हत्या एवं शराब पीने के दौरान मौत का मामला सामने आया था। जिसके बाद गांव में तनाव की स्थिति देखने को मिली थी। इसके बाद शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ग्राम करही पहुंचे। वहीं ग्रामीणों की बैठक लेकर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि गांव में यदि असामाजिक तत्वों के साथ अवैध शराब बिक्री के मामले सामने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। करही में हुई इस बैठक में 2 सौ से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से गांव के वर्तमान हालात, असुरक्षा की भावना, पुलिस प्रशासन की 24 घंटे तत्परता , अवैध शराब भंडारण पर कार्रवाई साथ ही साथ कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी पुलिस कप्तान द्वारा दी गई है। बताया गया कि आने वाले दिनों में गांव में महिला कमांडो का गठन, अवैध रेत परिवहन रोकने के लिए संयुक्त कार्रवाई, गांव में पुलिसिंग व्यवस्था दुरूस्त करने को लेकर चर्चा की गई।



बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते पुलिस अधीक्ष विजय कुमार पांडेय एवं अन्य।

### थाना परिसर में दुर्गा उत्सव शांति समिति की हुई बैठक

पुलिस थाना बिर्रा के परिसर में दुर्गा उत्सव शांति समिति का बैठक 21 सितंबर रविवार को हुई। जिसमें बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के कोटवार एवं सरपंच और जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे। निरीक्षक जय कुमार साहू ने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा उत्सव के दौरान कोई भी प्रकार से अप्रिय घटना घटित न हो ,ऐसा दुर्गा उत्सव समिति प्रयास करें। उन्होंने आगे बताया कि पंडाल के सामने में वाहन स्टैंड न बनाए ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री साहू के साथ सहायक उप निरीक्षक तीजराम जांगड़े, प्रधान आरक्षक अनिल जगल्ले ,आरक्षक राजकुमार जोशी, रघुवीर यादव, पत्रकार डी एन देवांगन, पुलिस थाना बिर्रा के स्टाफ और दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सामान्य ज्ञान परीक्षा में कहरा समाज के 300 बच्चे हुए शामिल

**शिवरीनारायण।** कहरा समाज युवा संगठन के तत्वाधान में शिक्षा तिहार के रूप में कहरा समाज के बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

खरौद क्षेत्र के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद को परीक्षा केंद्र बनाया गया। यहां खरौद, कटगी, शिवरीनारायण,दुरपा सहित आसपास के गांवों से लगभग 300 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कहरा समाज के अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं न केवल बच्चों के ज्ञानवर्धन में सहायक होती हैं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी उपयोगी सिद्ध होती हैं। केंद्राध्यक्ष के



रूप में लालमणी राकेश एवं कृष्ण कुमार आदित्य ने जिम्मेदारी संभाली। आयोजन में छत्तीसगढ़ कहरा समाज के अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश, क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधी राम आदित्य, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपी आदित्य, ग्राम अध्यक्ष खरौद फिरत आदित्य, ग्राम अध्यक्ष शिवरीनारायण रवि कटकवार, पूर्व ग्राम अध्यक्ष बलराम आदित्य, पार्षद योगेश आदित्य, धरम आदित्य, विभा आदित्य, कंचन आदित्य, नीरा आदित्य, नीलम आदित्य, राजबिहारी आदित्य, केशव प्रसाद आदित्य, टिकेश्वर साहजीत, नितिन आदित्य, कलाराम आदित्य, यशोदा नंदन आदित्य ने सहयोग प्रदान किया।

खबर संक्षेप

## बाजार में सौ रूपये किलो बिक रहा सीताफल



**बहेराडीह।** ठण्ड के मौसम में पकने वाली सीताफल आजकल प्रायः सभी ऋतुओ में मिलने लगी है। इस समय बाजार में सीताफल सौ रूपये किलो बिक रहीं है। जिसे लोग शौक से खरीद कर खा रहें हैं। वैसे लोगों का मानना है कि मौसमी फल सेहत के लिए काफ़ी फायदेमंद होता है। इस सम्बन्ध में सिवनी के प्रगतिशील किसान रामाधार देवांगन ने बताया कि सीताफल का पेड़ सालभर में दो बार फल देतीं है। गर्मी के समय सीता पेड़ में फूल आना शुरू हो जाता है। जो अगस्त सितंबर में पकना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धमतरी जिला मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर दूर स्थित गंगरेल बांध के आसपास क्षेत्र में जन्माष्टमी पर्व के समय पका हुआ सीताफल खूब मिलती है।

## सरपंच संघ की नई कार्यकारिणी गठित, दुष्यंत बने अध्यक्ष

**देवरी सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के सरपंच संघ की नई कार्यकारिणी का गठन 19 सितंबर को किया गया। जिसमें दुष्यंत सिंह चंदेल, सरपंच हथनेवरा को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर मनीराम साहू सरपंच मौहाडीह एवं मनोज सरपंच बनडभरा का चयन हुआ। सचिव पद की जिम्मेदारी श्रीमती विष्णु बालेश्वर चंद्रा सरपंच कपिसदा को दी गई। सहसचिव के रूप में प्यारेलाल सूर्यवंशी सरपंच खमहिया और श्रीमती सुलोचना कर्ष सरपंच पचोरी मनोनीत हुए। कोषाध्यक्ष संजय कुमार साहू सरपंच सोनियापाठ बनाए गए। प्रवक्ता के रूप में पीताम्बर पांडेय सरपंच सरहर एवं बटदेव उरांव सरपंच चोरिया नियुक्त हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्रीमती सीमा बैरागी सरपंच पूछेली, श्रीमती पीली बाई सरपंच बिर्रा, मेलाराम चौहान सरपंच बसंतपुर, श्याम बाबू सरपंच परसापाली, श्रीमती ईश्वरी बाई कश्यप सरपंच सेमरिया, श्रीमती करमैतीन बाई सरपंच नकटिडीह, श्रीमती रामेश्वरी जायसवाल सरपंच पोड़ीशंकर एवं श्रीमती रेवती डनसेना सरपंच करनौंद शामिल की गईं।

## कोसला में किया गया पीडीएस गोदाम भवन का भूमिपूजन



**पामगढ़-कोसला।** माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला धाम में सोमवार 22 सितंबर को शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर जनपद अध्यक्ष रंजना मानेश जांगड़े ने पी डी एस गोदाम भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू जनपद सदस्य शांता दीनदयाल साहू, ब्यास वर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष पामगढ़, सुभाष पटेल, ग्राम पंचायत कोसला सरपंच राजकुमार नारंगे, सचिव देवी प्रसाद कौशिक, उप सरपंच योगेश कुमार साहू, फिरत कुर्मी, गौरव तिवारी, नीमा संतोष तिवारी, भगवती साहू, प्यारे लाल साहू, चौथ राम बघेल, कमलेश कश्यप, रमेश कुमार कश्यप एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### निधन

## श्रीमती देवहती बाई कुर्मी



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम तिलई की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती देवहती बाई कुर्मी का 16 सितंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक देवकुमार व देवराज की मां थी।

### शक्ति उपासना का पर्व क्वांर नवरात्रि प्रारंभ, पहले दिन हुई शैलपुत्री की पूजा

# स्थापना के साथ देवी मंदिरों में जगमगाए आस्था के ज्योत



देवी मंदिर में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश।



नवरात्रि पर्व के पहले दिन मां मनकादाई मंदिर खोखरा में निकली भव्य कलश यात्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ सोमवार 22 सितंबर को घट स्थापना व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। विभिन्न मंदिरों में जवारा भी बोया गया। साथ ही शाम से ही मृदंग के थापों के साथ माता सेवा (जसगीत) का गायन भी प्रारंभ हुआ।

अंचल में शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर को शुभ मुहुर्त में घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुई। इसके साथ ही देवी दुर्गा की उपासना का पर्व प्रारंभ हो गया है। आगामी 2 अक्टूबर तक अंचल देवी दुर्गा की आराधना में डूबा रहेगा। जिले के सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही आस्था की ज्योत जलाई गई। जांजगीर स्थित मां शारदा मंदिर, काली मंदिर, देवी दाई मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये है। समीपस्थ ग्राम खोखरा की मां मनकादाई मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वतिल किए गए हैं। इसी प्रकार चांपा में देवांगनाारा स्थित प्राचीन मां सम्लेश्वरी मंदिर, रहसबेड़ा स्थित मां अष्टभुजी मंदिर, पुराना कॉलेज रोड स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, रामाबांधा तालाब के उत्तरी ओर पर स्थित मां महामाया सम्लाई मंदिर, मां संतोषी मंदिर सहित अनेक देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए गए हैं। चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में हजारों ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं। यहां सुबह घट स्थापना के लिए कलश यात्रा निकली तथा महानदी से जल लेकर कलश यात्रा मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना उपरांत ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। इसी तरह अन्नपूर्णा मंदिर शिवरीनारायण, मां चण्डी मंदिर केरा, मदनपुर गढ़ स्थित मनकादाई, हरदी की महामाया देवी, सलखन और नवागढ़ स्थित चण्डी मंदिर, पहरिया की अन्नधरी देवी, अड़भार की अष्टभुजी देवी, घाठाद्वारी की त्रिपुर सुंदरी, सरई सिंगार देवी मंदिर, खरौद की मनकादाई, कंकालिन देवी, महामाया देवी और शबरी मंदिर, बनारी के मनकादाई आदि देवी मंदिरों में सोमवार को घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये तथा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि के पहले दिन से ही अंचल का वातावरण भक्तिमय हो गया।

## मां शिरीष पाठ मंदिर में विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद जले आस्था के ज्योत

**डोंगाकोहरौद।** जिले की प्रमुख देवी मंदिरों में शामिल पामगढ़ अंचल के ग्राम डोंगाकोहरौद शिरीष पाठ मंदिर में सोमवार 22 सितंबर को विधी विधान से पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। ज्ञात हो कि शिरीष पेड़ की आस्था पर



आधारित माता शिरीष पाठ मंदिर में नवरात्र की दोनों पर्व शारदीय व चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं जिसमें इस वर्ष की क्वांर नवरात्री के पर्व में 216 तेल ज्योति, 14 घृत ज्योति, 2 जवांरा ज्योति के साथ सात दिवसीय व तीन दिवसीय ज्योति भी प्रज्जवलित कराए गए हैं। दीप प्रज्जवलन में प्रमुख रूप से नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिती अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय, गांव के मालगुजार संतोष कौशिक, सरपंच प्रतिनिधि दुकालु भास्कर, समिती के संरक्षक राधेश्याम कश्यप, सचिव जोहन लाल पटवा, घनश्याम साहु, बरसन कश्यप, धनेंद्र कौशिक, सुमन लाल कश्यप, छोटेलाल साहु, माखन कश्यप, मंदिर पुजारी हरीलाल धीवर, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण कश्यप, वेदप्रसाद कश्यप, गणेश धीवर, पंच कमल धीवर, ज्योति रक्षकगण गीतेश सारथी, रामलाल कौशिक, लव पटेल, जुगनू, इंद्रकुमार, नरहरी, महेंद्र, संजू साहु, राजकुमार, उपेंद्र, शिवसागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।



जेवरा में बना प्रेम मंदिर की तर्ज पर आकर्षक पंडाल एवं विराजी मां दुर्गा।

## जेवरा में वृंदावन की प्रेम मंदिर की तर्ज पर 50 फीट ऊंचे पंडाल में विराजित हुई मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नवरात्रि पर्व पर ग्राम जेवरा में मां दुर्गा का पंडाल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस बार पंडाल का निर्माण वृंदावन की प्रेम मंदिर के तर्ज पर किया गया है, इसकी ऊंचाई, लंबाई और चौड़ाई लगभग 50-50 फीट है। पंडाल का निर्माण नवयुवक दुर्गा समिति जेवरा द्वारा किया गया है। इस आकर्षक पंडाल निर्माण में लगभग 5 लाख रुपए की लागत ग्रामवासियों द्वारा आपसी सहयोग से किया गया है।

गौरतलब बात यह है कि इस भव्य पंडाल का निर्माण गांव के ही युवक सुनील कश्यप द्वारा किया गया है। उनके सहयोग में मिथुन डीजे साउंड सर्विस और सत्यम भी लगातार योगदान दे रहे हैं। ग्राम सरपंच होरिल चौहान ने बताया कि पिछले वर्ष भी ग्रामवासियों ने मां भवानी की नवरात्रि में विशेष सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए थे। इसके साथ ही दशहरा पर्व भी पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया था। ग्रामीणों और समिति सदस्यों का कहना है कि इस बार भक्तों को और भी भव्यता तथा भक्ति का अद्वितीय अनुभव मिलेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार, सचिव सुरेश कुमार कश्यप, नरेश कश्यप, अजय कश्यप, कौशल कश्यप ने श्रद्धालुओं से नवरात्रि पर्व में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर मां दुर्गा के दर्शन, करने की अपील की है।

## हाउसिंग बोर्ड की नई कालोनी बनेगी अकलतरा में : सौरभ

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड के चेयरमेन अनुराग सिंहदेव से मिलकर अकलतरा में हाउसिंग बोर्ड की नई कालोनी बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि इस कालोनी के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के पास पूर्व में ही जमीन चिन्हांकित



एवं सीमांकित हो चुकी थी जिसका प्रशासन ने सीमांकन एवम बटांकन कर पूरी भूमि हाउसिंग बोर्ड को हस्तांतरित कर दी है। चर्चा में सौरभ सिंह ने बताया कि उनके निवेदन पर अनुराग सिंहदेव ने तत्काल प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की तथा उन्होंने बताया कि शीघ्र ही टेंडर जारी कर निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में जिला प्रशासन के सहयोग से और भी भूमि चिन्हांकित और सीमांकित कर कालोनी का विस्तार एवं निर्माण किया जाएगा। शीघ्र ही वे इस कालोनी के भूमि पूजन के लिए अकलतरा आएंगे। अकलतरा नगर में हाउसिंग बोर्ड कालोनी के निर्माण से क्षेत्र वासियों को आसानी से आवास उपलब्ध हो सकेगे। श्री सिंह ने इसके लिए हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# धूमधाम से निकली महाराज अग्रसेन की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में इस वर्ष अग्रवंश संस्थापक महाराज अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती धूमधाम से परंपरानुसार मनायी जा रही है। इस वर्ष आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह 2025 के पूर्व सोमवार 22 सितम्बर को मोदी चौक

- मार्ग में जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत

स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर से अपरान्ह 11.30 बजे धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ अग्र समाज की महिलाओं,पुरूषों एवं बच्चों द्वारा नगर भ्रमण कर गौशाला मार्ग स्थित श्रीराम मंगलम भवन तक महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह विभिन्न लोगों एवं समाजसेवी संस्था द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

मोदी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर के सामने से अग्रसेन जयंती समारोह 2025 के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा में अग्र



महाराज अग्रसेन जी की शोभायात्रा में शामिल अग्रबंधु।

समाज के पुरूष सफेद कुर्ता-पैजामा तथा महिलाएं पीली व लाल साड़ी के निर्धारित ड्रेस कोड में शामिल हुए। यह शोभायात्रा मोदी चौक से प्रारंभ होकर बजरंग छबिगृह, डोंगाघाट चौक, राधाकृष्ण मंदिर चौक, सदर बाजार, सम्लेश्वरी चौक, कदंब चौक,रानी रोड, थाना चैक, डाक घर होते हुए श्रीराम मंगलम भवन पहुंची। यहां सभी अग्र बंधुओं के लिए दोपहर भोज का आयोजन किया गया। इसके पूर्व शोभायात्रा में शामिल अग्र समाज के लोगों का मोदी चौक में नंदलाल रंगलाल मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आईसक्रीम, डोंगाघाट चौक में विष्णु प्रसाद मनीष मोदी परिवार द्वारा आईसक्रीम, सदर बाजार में जोखीराम बिरदीचंद परिवार द्वारा फ्रूट जूस व शीतल पेयजल, कदंब चौक में प्रहलाद राय संजय मोदी परिवार द्वारा फ्रूटी व शीतल पेयजल तथा थाना चौक में मारवाड़ी युवा मंच चांपा शाखा परिवार द्वारा फ्रूटी वितरण कर आत्मीय स्वागत किया गया। शोभायात्रा निकाले जाने के पूर्व अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष जगदीश मोदी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या मोदी द्वारा महाराज अग्रसेन की पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से संघ के संरक्षक रामनारायण मोदी, मोहन मित्तल, विनोद मोदी (सीरिया), पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल (पिंटू), सचिव अखिलेश मोदी, कोषाध्यक्ष किशोर मोदी, घनश्याम मोदी, सहित दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, शिव मोदी, हजारी अग्रवाल, नारायण मित्तल, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, मुकेश बंसल, श्याम अग्रवाल,गोपाल मित्तल, गजेन्द्र अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल, अमन अग्रवाल, राजेश मित्तल, मनोज अग्रवाल (राजू), अभय मित्तल, मोहन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अनिल खेतान, अंकित मोदी, मुरलीधर जयपुरिया, विष्णु मोदी, अनिल अग्रवाल, धीरेन्द्र जालान, अशोक मोदी, अनिल अग्रवाल (भांचा), श्रीमती इंदू अग्रवाल, सविता मोदी, माही मोदी, संगीता अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, संजूदेवी अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग शामिल थे।

# पंडाल के भीतर और बाहर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करना अनिवार्य

**चांपा।** नवरात्रि एवं दुर्गा उत्सव को लेकर शनिवार को थाना चांपा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चांपा एसडीएम पवन कोसमा, तहसीलदार प्रशांत पटेल, थाना प्रभारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- थाना चांपा में दुर्गा उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

टीआई जे.पी. गुप्ता ने साफ शब्दों में कहा कि प्रत्येक दुर्गा समिति अपने पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण एवं अभद्र तत्वों से निपटने के लिए समितियों को स्वयंसेवक (वालंटियर) नियुक्त करने होंगे साथ ही पंडाल के अंदर-बाहर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाए। पंडाल के भीतर और बाहर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था



बैठक में दुर्गा समिति के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से चर्चा करते अधिकारी व थाना प्रभारी।

करना अनिवार्य होगा। बैठक में तहसीलदार प्रशांत पटेल ने कहा कि उत्सव में उपयोग होने वाले साउंड सिस्टम का संचालन शासन द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार ही किया जाए। विसर्जन के दौरान मानक स्तरों का पालन करते हुए विद्युत संयंत्रों का उपयोग करना होगा, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम पवन कोसमा ने सभी समितियों को आयोजन के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यालय में आवेदन करने पर परमिशन दी जा रही है, लेकिन इसके साथ ही शासन द्वारा तय मानकों का पालन करना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित लोगों ने पंडालों और सड़कों पर नियमित सफाई, उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था तथा कचरा पात्र लगाने की मांग रखी। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से समन्वय कर इन मांगों को पूरा किया जाएगा। बैठक में चांपा नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों शिवनी, कुरदा, बालपुर, कोसमंदा, उच्चभट्टी और कोटाडबरी से दुर्गा समितियों के सदस्य उपस्थित हुए।




# पुरस्कार मिलने के बाद शिक्षकों की बढ़ जाती है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

मां अन्नधरी पहरिया पाठ पहरिया में शनिवार 20 सितंबर को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक

- डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा रत्न सम्मान समारोह में 120 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

फेडरेशन ब्लॉक इकाई बलौदा के तत्वाधान में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रवि गौतम, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ललित जाटवर ,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा कोरी दिवाकर, रविंद्र राठौर जिला अध्यक्ष के आतिथ्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विकासखंड बलौदा में इस तरह का मेगा शिक्षक सम्मान कार्यक्रम पहली बार आयोजित हुआ और



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

लक्ष्य रखा गया कि प्रत्येक संकुल स्तर से अच्छे शिक्षकों को चयनित कर उनको सम्मानित किया जाएगा। संकुल स्तर से लगभग 100 शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा विकासखंड स्तर पर राज्यपाल पुरस्कार व विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले 20 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर सहायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा कोरी दिवाकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ललित जाटवर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रवि गौतम ने सभी पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार लेना और उसको आगे संजो कर रखना बड़ी चुनौती होती है। सहायक विकास खण्ड अधिकारी ललित जाटवर ने कहा हमारे सरकारी स्कूलों में ग्रामीण और कमजोर परिवार के बच्चे आते है और उन बच्चों जिम्मेदारी हमारी है। कार्यक्रम का संचालन हरीश गोपाल ने तथा दिलीप लहर ने कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की। रामस्वरूप साहू द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जिसमें उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकार के साथ कर्तव्य को ईमानदारी पूर्वक करने के लिए कहा गया और आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में रविन्द्र राठौर जिला अध्यक्ष, दिलीप लहरें, रामस्वरुप साहू ब्लॉक अध्यक्ष, दिनेश तिवारी जिला सचिव, राजेंद्र कुमार राठौर, सुशील कुमार अनंत, अमरनाथ निर्मलकर, श्रीमती सविता राठौर, अंतराम बंजारे, श्रीमती यशोदा बंजारे, कमल वैष्णव, नटराज साहू, लक्ष्मण बंजारे, अमित कुमार महिलांगे, चंद्र प्रकाश यादव, श्रीमती विद्या देवांगन, श्रीमती मधुलिका तंबोली, श्रीमती संगीता सोनी, सुरेश कुमार अंचल, श्रीमती पुष्प लता महंत, दिलीप सिंह मरावी, श्री हेमराज मरकाम, तोष राम श्रीवास, सत्य कुर्रे उपस्थित थे।

